Sri Arvind Mahila College, Patna

Accredited by NAAC with B+ Grade

(A Constituent Unit of Patliputra University, Patna)

Organizing Department: Pol. Science

Sociology
Zoology
History
Hindi
Economics
Physics
English

Teachers Day Celebration

05.09.2022

महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग और समाजशास्त्र विभाग की छात्राओं द्वारा संयुक्त रूप से शिक्षक दिवस समारोह महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज की प्राचार्या प्रो० (डॉ०) पूनम द्वारा केक काटकर की गई. साथ ही छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्या ने कहा कि अनुशासित जीवन ही प्रगति का आधार है. कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो० साधना ठाकुर ने कहा कि शिक्षक के जीवन में दो रंग महत्वपूर्ण होते हैं. एक काला - ब्लैक बोर्ड और दूसरा सफेद- चाॅक जिनसे ही वे छात्रों के जीवन में विविध रंगों को भरते हैं. कार्यक्रम में छात्राओं के द्वारा कविता, नृत्य और भाषण आदि प्रस्तुत किए गए. कार्यक्रम का संचालन मोनी कुमारी और अलका कुमारी के द्वारा किया गया. इस कार्यक्रम में डॉ० प्रेम कुमारी , श्री राजीव शंकर सिन्हा , डॉ० पुष्पा राय, डॉ० विमी सिंह , डॉ० मिन्नी सिंह , डॉ० सपना बरुआ सहित अन्य शिक्षक और छात्राएं उपस्थित रहे.इसके साथ ही महाविद्यालय के अन्य सभी विभागों में शिक्षक दिवस सोल्लास मनाया गया.

शिक्षकों के सम्मान में छात्राओं ने दी नृत्य-संगीत की प्रस्तुति

पटना. शिक्षक दिवस पर श्री अरविंद महिला कॉलेज के राजनीति विज्ञान और समाजशास्त्र विभाग की ओर समारोह का आयोजन किया गया. मौके पर छात्राओं ने शिक्षकों के सम्मान में नृत्य-संगीत की प्रस्तुति दे मन मोह लिया. इस अवसर पर छात्राओं ने कविता पाठ और भाषण के जरिये जीवन में शिक्षकों के महत्व को भी साझा किया. शुरुआत कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ पूनम ने किया. प्रो साधना ठाकुर ने कहा कि शिक्षक ब्लैक बोर्ड के काले और चॉक के सफेद रंगों के जरिये ही विद्यार्थियों के जीवन में रंगों को भरने का प्रयास करते हैं. संचालन मोनी कुमारी और अलका कुमारी ने किया.

कन्या मध्य विद्यालय में मना शिक्षक दिवस

पटना. कन्या मध्य विद्यालय बड़ा अस्पताल अंचल बांकीपुर में शिक्षक दिवस मनाया गया. विद्यालय में कार्यरत प्रभारी प्रधानाध्यापिका चंद्र रेखा कुमारी, शिक्षक धर्मेंद्र सिंह, वेंकटेश कुमार, बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रवक्ता प्रेमचंद्र एवं शिक्षा सेवक सुनीता कुमारी सहित बुनियादी साक्षरता केंद्र एवं कन्या मध्य विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों ने राधाकृष्णन जी तैलीय चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया.

स्कूल-कॉलेजों में रंगारंग प्रस्तुतियों से छात्र-छात्राओं ने बांधा समां

पटना, वरीय संवाददाता। गुरु ब्रम्हा गुरु विष्णु गुरु देवो महेश्वरः... की झलक स्कूल-कॉलेजों में दिखी। एक दिन के इस समारोह में शिक्षक को सम्मानित करने के लिए विद्यार्थियों ने अलग-अलग तैयारी कर रखी थी। किसी ने कविता तो किसी ने प्रिय शिक्षक के लिए कहानी तो किसी ने शिक्षक के सहयोग की बात कही। शिक्षक को सम्मानित करने के लिए विद्यार्थियों द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में प्रस्तुतियां भी की गईं।

मगध महिला कॉलेज में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य नमिता कुमारी ने किया। दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में स्वागत शिक्षिका रंजना यादव ने किया। अरविंद महिला कॉलेज के राजनीति विभाग और समाजशास्त्र विभाग द्वारा शिक्षक दिवस समारोह आयोजित किया गया। उद्घाटन प्राचार्य प्रो. पूनम ने किया। पटना वीमेंस कॉलेज में छात्राओं ने नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। इस मौके पर कार्यक्रम के समन्वय डा. सेलिन क्रास्टा एसी, इतिहास विभागाध्यक्ष समीक्षा सिन्हा मौजूद थे।

शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्राएं।

बिहार विद्यापीठ में मनाया गया शिक्षक दिवस

देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय बिहार विद्यापीठ में में शिक्षक दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने की। मौके पर बिहार विद्यापीठ की निदेशिका डॉ. मृदुला प्रकाश, मंत्री डॉ. राणा अवधेश, वित्तमंत्री विवेक रंजन, प्राचार्य पूनम वर्मा, सहायक मंत्री उर्मिला कुमारी मौजूद थी। बापू स्मारक महिला उच्च विद्यालय में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु वंदना और गणेश वंदना से हुई। छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। शिक्षक के सम्मान में कविता और गीत की प्रस्तुति हुई। मौके पर प्राचार्य मीनाक्षी झा, शिक्षक अभिषेक कुमार के साथ तमाम शिक्षक मौजूद थे। कैब्रियन कॉन्वेंट सेकेंडरी स्कूल भूतनाथ रोड में शिक्षक दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। उद्घाटन प्राचार्य देवेंद्र सार्वण ने की।

रक्तदान शिविर आयोजितः डीएवी बीएसईबी में शिक्षक दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इनरव्हील और रोटरी क्लब के सहयोग से शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य एमके दास ने बताया कि 26 अगस्त को 12वीं के छात्र सौम्य कुमार का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। ऐसे में तय किया गया है कि स्कूल रक्तदान करेगा, जिससे सड़क दुर्घटना में घायल छात्र या शिक्षकों को बचाया जा सके।